सड़क सुरक्षा

दिनांक 9 फरवरी 2030 को अग्रवाल महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्कृत विभाग, एनसीसी और यूनिवर्सिटी आउटरीच कार्यक्रम के संयुक्त तत्वाधान में "सड़क सुरक्षा" जागरूक कार्यक्रम के तहत डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) दिखाई गई। सड़क सुरक्षा को लेकर आज मानव जाति लापरवाह होती जा रही है, जिसके कारण सड़क हादसे से कई लोग काल के ग्रास बनते जा रहे हैं। इन हादसों का अधिकतर शिकार युवा ही होते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में समय-समय पर कार्यक्रम होते रहते हैं इसी श्रंखला में आज का वृत्तचित्र दिखाया गया, जिसके माध्यम से छात्रों को सड़क के नियम का पालन करना, वाहन चालक को नियम से अवगत कराना, हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना आदि नियमों से अवगत कराया साथ ही सड़क दुर्घटना में होने वाले भयंकर परिणाम पर एक लघु फिल्म दिखा कर छात्रों को जागरूक किया। अंत में डॉ. पूजा सैनी ने विद्यार्थियों को इस वृत्तचित्र को देखकर भविष्य में इन नियमों को अपनाने पर जोर दिया। "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" उद्देश्य को लेकर आज के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सीख ली और ऐसी लापरवाही ना स्वयं करेंगे और ना किसी को करना देंगे का मूल मंत्र अपनाएंगे। इस कार्यक्रम में 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया।